भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +184

सोमवार, 19 जुलाई, 2021/28 आषाढ़, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना

+184 श्री खगेन मुर्मुः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि घरेलू पर्यटन से आतिथ्य सत्कार उद्योग को पुनः स्थापित करने में मदद मिलेगी;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा घरेलू पर्यटन बाजार की संभावनाओं का दोहन करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) देश की सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए भारत की पर्यटन क्षमता का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां। वर्तमान परिदृश्य में, ऐसे क्षेत्रों के भीतर यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे वैश्विक अर्थ-व्यवस्था काफी हद तक प्रभावित हुई है। अतः इस मंत्रालय द्वारा "देखो अपना देश" अभियान के अंतर्गत देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने पर अत्याधिक ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटकों और पर्यटन बिरादरी में विश्वास की पुर्नस्थापना करना पर्यटन मंत्रालय की परम प्राथमिकता बन गया है।

i. स्थानीय लैंडिंग के रुप में घरेलू पर्यटन उत्पादों जैसे अल्पज्ञात गंतव्यों, परम्पराओं से संबंधित वृतांतों, हमारे देश की संस्कृति और इतिहास जैसे अभिज्ञात किए गए अछूते विषयों पर नियमित रुप से बैबिनार की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया है।

ii. लॉकडाउन के दौरान, देश के महत्वपूर्ण शहरों और वैभवशाली संस्कृतियों (दिल्ली, चैन्नई, कोलकाता, मुम्बई, बेंगलुरु, उडुपी, औरंगाबाद, प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल) की हवाई फोटोग्राफी।

iii. पश्चवर्ती कोविड परिदृश्य में भारत की यात्रा एक सुरक्षित गंतव्य के रूप में होने के साथ पर्यटकों और सेवा प्रदाताओं के बीच सुरक्षा से संबंधित प्रोटोकॉल के संबंध में जागरुकता उत्पन्न करना।

iv. घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का भी अधिकाधिक रुप से उपयोग किया गया है।

v. घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केवड़िया (गुजरात), श्रीनगर, गोवा आदि सहित कई स्थानों पर रोड-शो भी आयोजित किए गए हैं।

(ग): यह मंत्रालय यात्रा संबंधी प्रोटोकाल को बनाए रखने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से यात्रियों को निरन्तर प्रोत्साहित करता रहता है और इसके साथ ही साथ, मंत्रालय द्वारा प्रचालन कार्यों को जारी रखने और कोविड महामारी के फैलने के खतरे को कम करने के लिए तैयार रहने में आतिथ्य सत्कार से सम्बद्ध उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए निधि और साथी योजनाओं के अंतर्गत आतिथ्य सत्कार से सम्बद्ध उद्योग के लिए भलीभांति आशयित पहल की शुरुआत की गई है।

इसके अलावा, वैश्विक आर्केड में विभिन्न आयोजनों में भाग लेकर, भारत के पर्यटन विपणन और उसके संवर्धन के लिए वर्गीकृत/अवर्गीकृत अतिथ्य इकाइयों तक मंत्रालय द्वारा विपणन विकास सहायता (एमडीए) कार्यक्रम का विस्तार किया गया है। सोशल मिडिया के माध्यम से साफ्ट पावर का भी लाभ उठाया जा रहा है जिसके द्वारा भारत की मूर्त और अमूर्त धरोहरों और संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है। योग, पाक-कला, नृत्य, संगीत, कला आदि के माध्यम से अनुभवजन्य पर्यटन की शक्ति को अधिकाधिक रुप से बढ़ावा दिया गया है।

****